अमर उजाला
27-12-2025

वीर बाल दिवस पर की सामूहिक चर्चा

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में वीर बाल दिवस पर सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि वीर बालकों का जीवन विद्यार्थियों के लिए त्याग, साहस और धर्मनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण एवं नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम की संयोजक पंजाबी विभागाध्यक्ष सहायक प्रोफेसर राजविंदर कौर रहीं, जबकि सह-संयोजक के रूप में संगीत विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. मनजीत कौर आदि मौजूद रहीं। संवाद